मुख्यमंत्री ने तीसरे टी-20 विश्व कप ब्लाइंड क्रिकेट मैच के पोस्टर का अनावरण किया

चर्चा में क्यों?

22 नवंबर, 2022 को मध्य प्रदेश ब्लाइंड क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से आगामी 10 दिसंबर 2022 को इंदौर के खालसा स्टेडियम में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरे टी-20 विश्व कप ब्लाइंड क्रिकेट मैच का आयोजन किया जा रहा है। इस हेतु 22 नवंबर, 2022 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ब्रिलियेंट कन्वेंशन सेंटर में पहले पोस्टर का अनावरण किया।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि एसोसिएशन का यह एक बड़ा प्रयास है। राज्य सरकार द्वारा एसोसिएशन को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।
- क्रिकेट आयोजक डॉ. अनिल भंडारी ने बताया कि भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी युवराज सिंह इस विश्व कप के ब्रांड एंबेसडर हैं। वर्ल्ड ब्लाइंड क्रिकेट लिमिटेड **(WBC)** से संबद्ध क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया **(CABI)** और विकलांगों के लिये समर्थनम ट्रस्ट नेत्रहीनों के लिये टी-20 विश्व कप क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे संस्करण का आयोजन किया जा रहा है, जो दिसंबर-2022 में भारत के विभिन्न शहरों में होगा।
- इस मेगा इवेंट में 10 देश - ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, नेपाल, न्यूज़ीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, वेस्टइंडीज़ और मेज़बान भारत हिस्सा लेंगे।
- गौरतलब है कि भारत ही एकमात्र ऐसा देश है, जिसने दिसंबर 2012 में टी-20 वर्ल्ड कप, दिसंबर 2014 में वनडे वर्ल्ड कप और जनवरी 2016में टी-20 एशिया कप समेत इंटरनेशनल चैंपियनशिप के सभी फॉर्मेट जीते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/3rd-t20-world-cup-blind-cricket-match